**B**

SL. No. : W

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 47 ]
Total No. of Questions : 47 ]

**CCE RR**
**REVISED & UN-REVISED**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **85-H**

**Code No. : 85-H**

# ವಿಷಯ : ಸಮಾಜ ವಿಜ್ಞಾನ

# Subject : SOCIAL SCIENCE

**( ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ / Hindi Version )**

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ/ New Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 27. 06. 2018 ] [ Date : 27. 06. 2018

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 47 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

**Tear here**

I. निम्नलिखित प्रश्नों / अपूर्ण कथनों प्रत्येक के लिए **चार** विकल्प दिये गये हैं। उनमें केवल एक सही अथवा सबसे अधिक उपयुक्त है । सही विकल्प चुनकर पूर्ण उत्तर क्रमाक्षर सहित लिखें । $10 \times 1 = 10$

1. सहायक संधि प्रस्तुत करने वाले ब्रिटिश गवर्नर जेनरल हैं

   (A) वारेन हेस्टिंग्स (B) लॉर्ड वेलेस्ली

   (C) लॉर्ड डलहौसी (D) लॉर्ड कार्नवालिस ।

2. 6 से 14 वर्ष के बीच आयु के बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा प्रदान करने का भारत सरकार द्वारा 2001 में चलाया गया, कार्यक्रम है

   (A) राष्ट्रीय साक्षरता मिशन (B) साक्षर भारत

   (C) सर्व शिक्षा अभियान (D) राष्ट्रीय प्रौढ़ शिक्षा ।

3. **समूह - A** में नेताओं की सूची तथा **समूह - B** में उनके देशों के नाम दिये गये हैं । सही समूह को पहचानें :

| **समूह - A** | **समूह - B** |
|---|---|
| (a) लेनिन | (i) चीन |
| (b) हिटलर | (ii) रूस |
| (c) मुसोलिनी | (iii) जर्मनी |
| (d) माओ-त्से-तुंग | (iv) इटली । |

| | ***a*** | ***b*** | ***c*** | ***d*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | i |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | iv | i | ii | iii |
| (D) | iii | iv | i | ii. |

4. UNO का मुख्यालय स्थित है

   (A) न्युयार्क में (B) पेरिस में

   (C) रोम में (D) जेनेवा में ।

5. भारत के संविधान का वह अनुच्छेद जो बाल मजदूरी को निषेध करता है, है

(A) अनुच्छेद-21 (B) अनुच्छेद-17

(C) अनुच्छेद-52 (D) अनुच्छेद-24.

6. मानचित्र में चिह्नित वनों के प्रकार का सही मेल है




(A) 1-मैंग्रोव वन, 2-मरुस्थल वन, 3-सदाहरित वन

(B) 1-सदाहरित वन, 2-मैंग्रोव वन, 3-मरुस्थल वन

(C) 1-मैंग्रोव वन, 2-हिमालय का अल्पाइन वन, 3-सदाहरित वन

(D) 1-मरुस्थल वन, 2-सदाहरित वन, 3-मैंग्रोव वन ।

7. भारत ने अपने क्षेत्रीय GPS के लिए सफलतापूर्वक .................. उपग्रह प्रक्षेपित किया है ।

(A) 3 (B) 5

(C) 6 (D) 7.

8. निम्न में से अप्रत्यक्ष कर है

(A) आय कर (B) आयात-निर्यात कर

(C) संपत्ति कर (D) कंपनी ( corporate ) कर ।

9. बैंकों का बैंक है

(A) विजया बैंक (B) केनरा बैंक

(C) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया (D) कार्पोरेशन बैंक ।

10. 'श्वेत क्रांति के जनक' वर्गिस कुरियन की उपलब्धि है

(A) अपोलो हास्पिटल की स्थापना (B) जेट एयरवेज की स्थापना

(C) रिलायन्स कम्पनी की स्थापना (D) अमुल मिल्क डेयरी की स्थापना ।

II. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर एक वाक्य में दें : $14 \times 1 = 14$

11. आम जन का इतिहास लिखना इतिहासकारों के लिए चुनौती है । क्यों ?

12. हिटलर को तानाशाह बनने में जर्मन उद्योगपतियों ने कैसे मदद किया ?

13. जापान ने हिरोशिमा तथा नागासाकी के लोगों के लिए क्या भूल किया जिसके प्रतिकूल प्रभाव का आज भी सामना करना पड़ रहा है ?

14. पाकिस्तान भारत के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध रखने में असफल हुआ । क्यों ?

15. UNICEF बच्चों के विकास के लिए कैसे कठिन प्रयत्न कर रहा है ?

16. समान वेतन अधिनियम कब पारित हुआ ?

17. कन्या भ्रूणहत्या का क्या प्रभाव पड़ता है ?

18. गंगा की नदीमुख भूमि ( delta ) का मैंग्रोव वन सुन्दरवन क्यों कहलाता है ?

19. बंगलोर को 'भारत का सिलिकॉन सिटी' क्यों कहा जाता है ?

20. विश्व में सर्वप्रथम GIS का उपयोग कहाँ हुआ ?

21. मुम्बई 'भारत का मैनचेस्टर' क्यों कहलाता है ?

22. सर एम. विश्वेश्वरैया को 'भारत में आर्थिक नियोजन का जनक' क्यों कहा जाता है ?

23. बजट क्या है ?

24. फ्रेन्च शब्द 'बैंक' ( Banque ) का आशय क्या है ?

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **दा** से **चार** वाक्यों में दें : 15 × 2 = 30

25. "18 वीं शताब्दी का प्रथमार्ध ( first half ) मुगल साम्राज्य के महा पतन का काल था ।" सत्यापन करें ।

26. मद्रास शांति संधि ब्रिटिश के लिए अपरिहार्य था । क्यों ?

27. "19 वीं शताब्दी भारत के इतिहास में 'भारतीय पुनर्जागरण' का काल के रूप में है ।" क्यों ?

28. जूनागढ़ का विलय कैसे भारतीय संघ में हुआ था ?

**अथवा**

गोआ पुर्तगालियों से कैसे मुक्त हुआ ?

29. भारत में क्षेत्रीयतावाद के सामान्य विकास की पहलुएँ क्या हैं ?

30. भारत विश्व में कैसे बहुत ही प्रभावकारी देश है ?

31. "हाल के दिनों में भारत में अस्पृश्यता ( छुआछूत ) का प्रचलन कम हुआ है ।" सत्यापित करें ।

32. पूर्वी तटीय मैदान से पश्चिमी तटीय मैदान कैसे भिन्न हैं ?

33. भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारकों का उल्लेख करें ।

34. मृदा अपरदन के कारकों की सूची बनायें ।

35. ''भारतीय कृषि द्वितीयक तथा तृतीयक क्षेत्रकों के व्यवसायों का पोषण करता है ।'' स्पष्ट करें ।

36. भू-स्खलन के क्या प्रभाव पड़ते हैं ?

37. ''जनसंख्या विस्फोट कई समस्याओं का कारण है ।'' सत्यापन करें ।

38. मात्र राष्ट्रीय आय तथा प्रति व्यक्ति आय देश के विकास का सही माप नहीं हो सकता । क्यों ?

39. भूमंडलीकरण ( globalization ) आर्थिक वृद्धि को प्रोन्नत करता है । कैसे ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर **छह** वाक्यों में दीजिए : $6 \times 3 = 18$

40. 1857 का विद्रोह असफल होने के कारणों का वर्णन करें ।

**अथवा**

शिक्षा तथा पत्रकारिता में विकास की भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में प्रमुख भूमिका थी । वर्णन करें ।

41. ''भारत तथा चीन में संबंध अनुमानित परिणाम लाने में असफल रहा है ।'' सत्यापन करें ।

**अथवा**

''आतंकवाद अवैध तथा असामाजिक कृत्य है ।'' सत्यापन करें ।

42. बेरोजगारी एक गम्भीर सामाजिक समस्या है । वर्णन करें ।

**अथवा**

महिला सशक्तिकरण में महिला स्व-सहायता समूहों की भूमिका का वर्णन करें ।

43. ऊर्जा संसाधनों की कमी पर नियंत्रण लाने के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिये ?

**अथवा**

सड़क परिवहन की क्या समस्याएँ हैं ?

44. भारत के आर्थिक विकास में पंचवर्षीय योजनाएँ महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं । कैसे ?

**अथवा**

पंचायत राज संस्थाएँ ग्रामीण विकास में प्रमुख भूमिका निभाती हैं । कैसे ?

45. बीमा कम्पनियों के लाभों की सूची बनाइए ।

**अथवा**

उद्यमी ( entrepreneurs ) की विशेषताएँ बताइए ।

V. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **आठ** से **दस** वाक्यों में दीजिए : 4

46. स्वतंत्र भारत के विकास में जवाहरलाल नेहरू की देनों का वर्णन करें ।

VI. 47. भारत का रेखा मानचित्र खींचकर निम्न को चिह्नित करें : 1 + 3 = 4

a) $23\frac{1}{2}^{\circ}$ उत्तर अक्षांश

b) नागार्जून सागर परियोजना

c) कोच्ची ।

**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए विकल्प प्रश्न : ( प्रश्न सं० 47 के बदले में )**

भारत के लोगों को हिमालय के क्या उपयोग हैं ? 4